www.sgbauonline.com

**AU–1932**

**B.A. (Part–II) Examination**

**HINDI (Compulsory)**

**(Modern Indian Language)**

समय : तीन घंटे] [पूर्णांक : 70

**नोट :-** सभी प्रश्न करें ।

1. दीर्घोत्तरी प्रश्न (आधारभूत पाठ्यक्रम) :

(क) उठो, जागो, स्वयं जगकर औरों को जगाओ । अपने नर-जन्म को सफल करो ।" ऐसा विवेकानंद क्यों कहते है ?

**अथवा**

"नाखूनों का बढ़ना मनुष्य की सहजात वृत्ति है ।" विस्तार सहित लिखिये । 10

(ख) लघुत्तरी प्रश्न (किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए) :

(1) 'प्रदूषण मानव निर्मित समस्या है' स्पष्ट कीजिए ।

(2) मार्क्स को शरीर का प्रतीक क्यों कहा गया है ?

(3) भय से मुक्ति के कौनसे उपाय लेखक ने बताये है ?

(4) 'ग्रीन हाऊस इफैक्ट' से लेखक का क्या तात्पर्य है ? 10

2. दीर्घोत्तरी प्रश्न (भाषागत पाठ्यक्रम) :

(ग) सफल और यशस्वी घुमक्कड़ के लिए लेखक के अनुसार किन बातों की आवश्यकता है ?

**अथवा**

"अब कोई गरीबों की सहायता से मुँह न मोड़ेगा । अब दुनिया दुखियों पर अविश्वास न करेगी ।" 'हार की जीत' कहानी के आधार पर प्रस्तुत कथन को स्पष्ट कीजिए । 10

(घ) लघुत्तरी प्रश्न (किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए) :

(1) सदाचार का ताबीज़ में निहित व्यंग्य स्पष्ट कीजिए ।

(2) भूख और व्याधि के अंतर को समझाइये ।

(3) भाई रामसिंह का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(4) एल्बर्ट आइन्स्टाइन के विज्ञान संबंधी विचारों पर प्रकाश डालिए । 10



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

3. निम्नलिखित कविताओं में से किन्हीं दो का केन्द्रीय भाव लिखिए :
   (1) नीति के दोहे
   (2) सुख-दुख
   (3) लीक पर वे चलें
   (4) लहरों का निमंत्रण । 10

4. व्यावहारिक भाषा एवं व्याकरण :

   (अ) अपठित गद्यांश का एक-तिहाई सार लिखकर उचित शीर्षक दीजिए ।

   भारत में पर्वतारोहण की कहानी भी कुछ कम पुरानी नहीं है । ऋषि-मुनि और हमारे देवता सदा से ही हिमालय की चोटियों पर जाकर जप-तप करते रहे हैं । कुरुक्षेत्र के महायुद्ध के पश्चात् महाराज युधिष्ठिर आज से कोई पाँच हजार वर्ष पूर्व अपना सारा राजपाट छोड़कर शांति की खोज में अपने चारों भाइयों और द्रौपदी के साथ हिमालय की हिमाच्छादित चोटियों की ओर चल पड़े थे । कहा जाता है की उनके चारों भाइयों और द्रौपदी ने मार्ग में ही प्राण त्याग दिए और केवल युधिष्ठिर और उनका भक्त कुत्ता ही शिखर तक पहुँचे थे । यह चोटी आज भी मध्य हिमालय में पंचचूली के नाम से पुकारी जाती है । 5

   (ब) निम्नलिखित का कल्पना-विस्तार कीजिये :

   नाच ना जाने आँगन टेढा ।

   **अथवा**

   डूबते को तिनके का सहारा । 5

   (क) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं तीन का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :
   (1) कानों-कान फैलना
   (2) दाँतों तले उंगली दबाना
   (3) कलेजे का तुकडा
   (4) अँगूठा दिखाना
   (5) मन मार कर बैठना
   (6) आग में घी डालना 3

   (ड) निम्नलिखित लोकोक्तियों में से किन्हीं दो का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :
   (1) अक्ल बड़ी या भैंस
   (2) उलटा चोर कोतवाल को डाँटे
   (3) खोदा पहाड निकली चुहिया
   (4) जिसकी लाठी उसकी भैंस 2

   (य) अपने पते में परिवर्तन हेतु बीमा अधिकारी को पत्र लिखिये ।

   **अथवा**

   प्रतियोगी परीक्षा में सफल हुए अपने भाई को बधाई पत्र लिखिए । 5



www.sgbauonline.com